आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 21.12.2024 समय : 18.30 पीएम

- जैसलमेर में जीएसटी काउन्सिल की 55वीं बैठक सम्पन्न हुई।
- राजस्थान हाईकोर्ट ने जयपुर गैस टैंकर हादसे में स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लेते हुए राज्य सरकार को दोषी अधिकारियों के ख़िलाफ़ जांच करने और दोषियों को दंड देने के आदेश दिए।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बजट घोषणाओं से संबंधित भू–आवंटन के बाकी मामलों को जल्द निपटाने के निर्देश दिए।
- प्रदेश में न्यूनतम तापमान में बढोतरी से सर्दी से मामूली राहत–कई स्थानों पर घने कोहरे से जनजीवन प्रभावित।

000

जीएसटी काउन्सिल की 55वीं बैठक आज वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जैसलमेर में सम्पन्न हुई। बैठक के पहले सत्र में विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। पहले सत्र के सम्पन्न होने के बाद बिहार के वित्तमंत्री सम्राट चौधरी ने मीडिया को बताया कि सत्र में विभिन्न प्रकार के बीमा पर रियायत के बारे में फिलहाल कोई निर्णय नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में जनवरी में होने वाली बैठक में आगे विमर्श किया जाएगा। उत्तराखंड के वित्तमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने मीडिया को बताया कि बैठक में कुछ निर्णय हुए हैं और कई विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस बीच, बैठक में भाग लेने आए विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों और वित्तमंत्रियों ने आज जैसलमेर के दर्शनीय स्थलों को देखा। जम्मू–कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्लाह ने स्वर्णनगरी के विभिन्न पर्यटन स्थलों का अवलोकन किया और वहां की सुंदरता की तारीफ की।

000

राजस्थान हाईकोर्ट की एकलपीठ के न्यायधीश अनूप ढंढ ने स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लेते हुए अजमेर जयपुर हाईवे पर भांकरोटा में गैस टैंकर हादसे में राज्य सरकार से दोषी अधिकारियों के ख़िलाफ़ जाँच कराने और दोषियों को दंडित करने के आदेश दिए है। अदालत ने कहा कि जिन अधिकारियों की लापरवाही के कारण इतना बड़ा हादसा हुआ, ऐसे अधिकारियों को जाँच के बाद दंडित किया जाना चाहिए। साथ ही इस दुर्घटना में घायल और मृतकों के परिवारों को उचित मुआवज़ा दिए जाने की व्यवस्था तत्काल की जाए।

इस बीच, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि जयपुर गैस टैंकर हादसे के घायलों का जीवन बचाना सरकार की पहली प्राथमिकता है। उपमुख्यमंत्री आज इस हादसे के घायलों का हाल जानने के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंचीं। उन्होंने घायलों की कुशलक्षेम पूछी। दिया कुमारी ने कहा कि बर्न यूनिट में बाहरी लोगों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित होना चाहिए, क्योंकि संक्रमण सबसे बड़ा खतरा है। उन्होंने इस बारे में सख्ती बरतने के निर्देश दिये। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और कांग्रेस नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने भी आज अस्पताल जाकर झुलसे हुए लोगों की कुशलक्षेम पूछी।

इस बीच, गैस टैंकर हादसे में 3 लोग अभी भी लापता हैं। पुलिस ने हादसे को लेकर एक प्राथमिकी दर्ज की है और घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। जयपुर के पुलिस उपायुक्त पश्चिम–अमित बुढानिया ने आकाशवाणी को बताया कि जिन मृतकों के शवों की पहचान नहीं हुई है, उनकी डीएनए सैंपलिंग कराई गई है।

.............

000

राज्यपाल हरीभाऊ बागडे ने कहा है कि कृषि विश्वविद्यालय खेती की नई प्रौद्योगिकी और शोध के जरिए किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए काम करें। राज्यपाल आज उदयपुर में महाराणा प्रताप कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है और आज देश अनाज उत्पादन में आत्मनिर्भर हो गया है। श्री बागडे ने रासायनिक खेती से होने वाले नुकसान की चर्चा करते हुए कहा कि इससे धरती की उर्वरा शक्ति नष्ट होती है।

उन्होंने प्राकृतिक खेती की ओर लौटने का आह्वान करते हुए युवाओं से खेती में रुचि लेने का आग्रह किया। राज्यपाल ने इस दौरान 1 हजार 1 81 विद्यार्थियों को पदक और उपाधियां प्रदान कीं। राज्यपाल ने शाम को उदयपुर के शिल्पग्राम महोत्सव का शुभारंभ किया। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र की ओर से हो रहा ये उत्सव 30 दिसम्बर तक चलेगा।

000

शिक्षा मत्री मदन दिलावर ने कहा है कि विद्यार्थियों को गुणवत्ता और संस्कार युक्त शिक्षा देने के समुचित प्रयास किये जाएं। श्री दिलावर आज जयपुर में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा में संस्कार के समावेश के लिए शिक्षकों सहित सभी विभागीय कार्मिकों को आदर्श व्यवहार अपनाना होगा। श्री दिलावर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को कर्मचारियों तथा शिक्षकों की आचरण और कार्यशैली के आधार पर ग्रेडिंग करने, व्यावसायिक शिक्षा में नवीनतम तकनीक का समावेश करने, जिलेवार नोडल अधिकारी नियुक्त कर प्रतिमाह 2 दिन ग्रामीण क्षेत्रों में रात्री विश्राम कर फीडबैक देने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिये।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बजट घोषणाओं से संबंधित भू–आवंटन के बाकी मामलों को जल्द निपटाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आगामी 31 दिसम्बर तक बाकी प्रकरणों के भूमि चिन्हीकरण और भूमि के प्रस्ताव संबंधित विभाग को भिजवाने और आवंटन की प्रक्रिया को पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट घोषणा की अनुपालना में स्पोर्ट्स कॉलेज, रोडवेज बस स्टैंड, जीएसएस और ठोस कचरा प्रबंधन के लिए प्रोसेसिंग प्लांट, औद्योगिक पार्क के लिए भू–आवंटन के मामलों में तेजी लाई जाए। श्री शर्मा ने सड़क सुरक्षा के लिए भी विशेष निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वाहन दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सड़कों के दुर्घटना संभावित स्थानों को चिन्हित कर इनका शीघ्र सुधार किया जाना आवश्यक है। उन्होंने परिवहन विभाग के उड़नदस्तों को भी निर्देश दिए कि वे अनफिट और बिना परमिट के वाहनों, ओवरलोडेड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करें।

000

प्रदेश में भजनलाल शर्मा सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल के उपलक्ष में आज श्रीगंगानगर में ''एक साल–बेमिसाल'' कार्यकम रखा गया। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, मंत्री जवाहर सिंह बेढम, के.के. बिश्नोई, जोगाराम पटेल, गौतम कुमार दक, अविनाश गहलोत, सुरेश सिंह रावत और अन्य जनप्रतिनिधियों ने इसमें शिरकत की। उपमुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि राज्य सरकार ने आमजन के कल्याण के लिए पहले ही साल में पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम किया है।

000

प्रदेश में सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन गांवों की ओर अभियान के शिविर विभिन्न स्थानों पर लगाए जा रहे हैं। भीलवाड़ा में सप्ताह के तीसरे दिन आज आसींद पंचायत समिति मुख्यालय पर ब्लॉक स्तरीय शिविर का आयोजन हुआ। इस शिविर में आए लोगों को जैविक खेती करने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही उनके परिवादों का निस्तारण करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए। बाड़मेर ज़िले में रामसर और आडेल पंचायत समितियों में विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। इस दौरान जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने के अलावा विभिन्न सरकारी विभागों की ओर से दी जा रही सेवाओं की तत्काल उपलब्धता सुनिश्चित की गई। हनुमानगढ़ के बिरकाली, निनाद और रोही मौजा दिखनादा में शिविर लगाये गये। अभियान के तहत जिला कलेक्टर कानाराम ने नोहर में आयोजित चौपाल में लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके जल्द निपटारे के निर्देश दिये। केकड़ी के टोडारायसिंह पंचायत समिति में आयोजित शिविर में 52 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 36 समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

000

आज पहला विश्व ध्यान दिवस है। दुनिया में शांति और कल्याण की भावना को बढावा देने की ये एक बड़ी पहल है। इस महीने के शुरूआत में ही संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सर्वसम्मति से 21 दिसम्बर को विश्व ध्यान दिवस के रूप में मनाने के भारत के प्रस्ताव को स्वीकार किया था।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से ध्यान को अपने दैनिक जीवन का अंग बनाने की अपील की है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि ध्यान व्यक्ति और समाज के जीवन में शांति और समरसता लाने का एक सशक्त माध्यम है। श्री मोदी ने यह भी कहा कि तकनीक के मौजूदा दौर में, ऐप और वीडियो ध्यान को अपनाने में सहायक हो सकते हैं।

सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज में हृदय शल्य चिकित्सा विभाग में सह आचार्य और योग प्रशिक्षक डॉ मोहित शर्मा ने बताया कि ध्यान, तनाव मुक्त जीवन के लिए बहुत उपयोगी क्रिया है। उन्होंने कहा कि ध्यान न केवल रोगों से बचाता है बल्कि इससे जीवन में उत्पादकता भी बढ़ती है।

.............

000

राज्य में आज कई स्थानों पर घना कोहरा और कहीं–कहीं अति घना कोहरा दर्ज किया गया। हालांकि न्यूनतम तापमान में बढोतरी और बादल छाये रहने से सर्दी का असर थोड़ा कम हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार सीकर के फतेहपुर में आज 4 दशमलव 3 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड हुआ। वहीं माउंटआबू और हनुमानगढ़ के संगरिया में 4 दशमलव 4, सीकर में 5 और पिलानी में 5 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान रहा। बारां, भरतपुर, भीलवाडा, बालोतरा और हनुमानगढ़ सहित कई स्थानों पर घना कोहरा छाया रहा। चूरू में घने कोहरे के कारण यातायात प्रभावित रहा।

000

सीमा सुरक्षा बल के जोधपुर सीमान्त मुख्यालय पर 23 दिसम्बर को रोज़गार मेला आयोजित किया जाएगा। इसमें 200 चयनित उम्मीदवारों को विभिन्न सरकारी संस्थाओं में नौकरियों के लिए नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे।

000